# कार्यपत्र-5

**1. सही उत्तर के आगे ठीक (✓) का चिह्न लगाइए।**

(क) 'अति' उपसर्ग से बना शब्द कौन-सा है? (ii) अत्याचार ✓

(ख) 'दुर्गति' शब्द में उपसर्ग है– (iii) दुर् ✓

(ग) 'चतुराई' शब्द में कौन-सा प्रत्यय है? (ii) आई ✓

(घ) 'आवा' प्रत्यय से बना शब्द है– (i) दिखावा ✓

(ङ) 'प्रत्येक' शब्द में कौन-सा उपसर्ग है? (ii) प्रति ✓

**2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

(क) ऐसे शब्दांश जो शब्द के प्रारंभ में जुड़कर उन शब्दों के अर्थ में विशेषता ला देते हैं, उपसर्ग कहलाते हैं। जैसे– उप + कार = उपकार, सु + गम = सुगम।

(ख) क्रिया के धातु रूप के अंत में लगने वाले प्रत्यय को कृत प्रत्यय कहते हैं।

जैसे– पढ़ + आई = पढ़ाई, बढ़ + त = बढ़त आदि।

(ग) जो प्रत्यय संज्ञा, विशेषण, सर्वनाम आदि के साथ लगकर नए शब्द बनाते हैं, वे तद्धित प्रत्यय कहलाते हैं। इनसे बनने वाले शब्द तद्धितांत कहलाते हैं। जैसे– मीठा + आई = मिठाई, लालच + ई = लालची।

**3. निम्नलिखित उपसर्गों से दो-दो शब्द बनाइए।**

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (क) | उत् | उत्कर्ष | उत्थान | (ख) | बद | बदनाम | बदमाश |
| (ग) | अधि | अधिगम | अधिकार | (घ) | सु | सुपुत्र | सुकर्म |
| (ङ) | प्र | प्रकाश | प्रबंध | (च) | परि | परिक्रमा | परिवेश |
| (छ) | नि | निरोग | निकास | (ज) | बे | बेनकाब | बेकाबू |
| (झ) | अप | अपवाद | अपशब्द | (ञ) | खुश | खुशनसीब | खुशकिस्मत |

**4. निम्नलिखित प्रत्ययों से दो-दो शब्द बनाइए।**

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (क) | आवट | सजावट | बनावट | (ख) | अक्कड़ | भुलक्कड़ | घुमक्कड़ |
| (ग) | अनीय | पठनीय | गोपनीय | (घ) | कार | पत्रकार | कथाकार |
| (ङ) | ईन | रंगीन | संगीन | (च) | आकू | लड़ाकू | पढ़ाकू |
| (छ) | नीय | प्रसंशनीय | गोपनीय | (ज) | एरा | ममेरा | चचेरा |
| (झ) | उक | भावुक | चाबुक | (ञ) | अक | नायक | गायक |

**5. निम्नलिखित शब्दों से उपसर्ग और प्रत्यय अलग कीजिए।**

| | | उपसर्ग | प्रत्यय | | | उपसर्ग | प्रत्यय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (क) | सहभागिता | सह | इता | (ख) | ऐतिहासिक | इति | इक |
| (ग) | स्वाधीनता | स्व | ता | (घ) | अपमानित | अप | इत |
| (ङ) | अनियमित | अ | इत | (च) | निर्मलता | निर् | ता |
| (छ) | असहनीय | अ | ईय | (ज) | प्रकाशित | प्र | इत |